**भारत सरकार**
**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय**
**(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1454**

**(दिनांक 31.07.2024 को उत्तर के लिए)**

## आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच

**1454. श्री दीपक अधिकारी (देव):**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के विरुद्ध की जा रही विभागीय जांचों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और
(ख) उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)**

**(क) एवं (ख)** पिछले पांच वर्षों के दौरान आईएएस/आईपीएस अधिकारियों के विरुद्ध शुरू की गई विभागीय कार्यवाहियों की कुल संख्या निम्नानुसार हैः

आईएएसः 142 (राज्य-वार विवरण अनुलग्नक-I में)

आईपीएसः 213 (राज्य-वार विवरण अनुलग्नक- II में)

आईएएस अधिकारियों के संबंध में, 106 मामलों में विभागीय कार्यवाही चल रही है, 33 मामलों में विभागीय कार्यवाही पूरी हो चुकी है तथा शेष 3 मामलों में विभागीय कार्यवाही विभिन्न न्यायालयों द्वारा स्थगित हैं।

**अनुलग्नक-I**

**31.07.2024 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1454 के भाग (क) का उत्तर- पिछले 5 वर्षों के दौरान आईएएस अधिकारियों के विरुद्ध शुरू की गई विभागीय कार्यवाही के मामलों का राज्य-वार विवरण**

| क्रम सं. | राज्य का नाम | आईएएस अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 3 |
| 2. | असम-मेघालय | 3 |
| 3. | बिहार | 6 |
| 4. | छत्तीसगढ़ | 0 |
| 5. | गुजरात | 7 |
| 6. | हरियाणा | 5 |
| 7. | हिमाचल प्रदेश | 1 |
| 8. | झारखंड | 2 |
| 9. | कर्नाटक | 8 |
| 10. | केरल | 1 |
| 11. | मध्य प्रदेश | 27 |
| 12. | महाराष्ट्र | 12 |
| 13. | मणिपुर | 2 |
| 14. | नागालैंड | 2 |
| 15. | ओडिशा | 10 |
| 16. | पंजाब | 2 |
| 17. | राजस्थान | 4 |
| 18. | सिक्किम | 1 |
| 19. | तमिलनाडु | 1 |
| 20. | तेलंगाना | 0 |
| 21. | त्रिपुरा | 5 |
| 22. | उत्तर प्रदेश | 20 |
| 23. | उत्तराखंड | 2 |
| 24. | पश्चिम बंगाल | 3 |
| 25. | एजीएमयूटी (पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर कैडर सहित) | 15 |
|  | कुल | 142 |

**अनुलग्नक- II**

**<u>31.07.2024 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1454 के भाग (क) का उत्तर- पिछले 5 वर्षों के दौरान आईपीएस अधिकारियों के विरुद्ध शुरू की गई विभागीय कार्यवाही के मामलों का राज्य-वार विवरण</u>**

| क्रम सं. | राज्य का नाम | आईपीएस अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 5 |
| 2. | असम-मेघालय | 8 |
| 3. | बिहार | 16 |
| 4. | छत्तीसगढ़ | 5 |
| 5. | गुजरात | 12 |
| 6. | हरियाणा | 4 |
| 7. | हिमाचल प्रदेश | 3 |
| 8. | झारखंड | 2 |
| 9. | कर्नाटक | 4 |
| 10. | केरल | 6 |
| 11. | मध्य प्रदेश | 14 |
| 12. | महाराष्ट्र | 10 |
| 13. | मणिपुर | 4 |
| 14. | नागालैंड | 6 |
| 15. | ओडिशा | 9 |
| 16. | पंजाब | 1 |
| 17. | राजस्थान | 10 |
| 18. | सिक्किम | 2 |
| 19. | तमिलनाडु | 23 |
| 20. | तेलंगाना | 4 |
| 21. | त्रिपुरा | 2 |
| 22. | उत्तर प्रदेश | 44 |
| 23. | पश्चिम बंगाल | 12 |
| 24. | एजीएमयूटी (पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर कैडर सहित) | 7 |
| | कुल | 213 |

*****